वर्ष- 02 अंक- 142
छपरा
12 अप्रैल, शनिवार 2025
पृष्ठ - 04

# दैनिक खोजखबर

खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live

# मोदी बोले-युद्ध, संघर्ष, मानवीय मूल्यों से जुड़ी चिंताएं हमारे सामने

## आनंदपुर धाम में कहा- सभी समस्याओं का समाधान अद्वैत के विचार में मिलेगा

**अशोकनगर/ग्वालियर,एजेंसी।** प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि दुनिया में भौतिक उन्नति के बीच मानवता के लिए युद्ध, संघर्ष और मानवीय मूल्यों से जुड़ी कई चिंताएं हमारे सामने हैं। इनकी जड़ में क्या है। इनकी जड़ में अपने और पराए की मानसिकता है। ये मानसिकता मानव से मानव को दूर करती है। आज विश्व भी सोच रहा है कि इनका समाधान कहां मिलेगा। इनका समाधान अद्वैत के विचार में मिलेगा। अद्वैत यानी यहां कोई द्वैत नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी शुक्रवार को मध्यप्रदेश के अशोकनगर के ईसागढ़ स्थित श्री आनंदपुर धाम पहुंचे। यहां उन्होंने परमहंस अद्वैत मत के तीन प्रमुख मंदिरों के दर्शन किए। उन्होंने आनंद सरोवर में पुष्प अर्पित किए। इसके बाद मोती हॉल पहुंचकर परमहंस अद्वैत मत के वर्तमान गुरु से मुलाकात की और फिर सत्संग हॉल में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित भी किया।पीएम मोदी के साथ राज्यपाल मंगुभाई पटेल, सीएम डॉ. मोहन यादव, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और प्रदेश बीजेपी अध्यक्ष वीडी शर्मा मौजूद रहे।



**अशोकनगर में शोक आने से डरता है :** प्रधानमंत्री मोदी ने कहा- जिस भूमि का कण-कण संतों की तपस्या से सींचा गया हो, जहां परमार्थ एक परंपरा बन चुका हो, जहां सेवा के संकल्प मानवता के कल्याण का पथ प्रशस्त करते हों, वो धरती साधारण नहीं है। इसलिए हमारे संतों ने अशोक नगर के बारे में कहा था कि यहां शोक आने से डरता है।

**मुश्किलों में ऋषियों ने मार्गदर्शन किया :** प्रधानमंत्री ने कहा- हमारा भारत ऋषियों, मनीषियों और संतों की धरती है। जब-जब हमारा भारत, हमारा समाज किसी मुश्किल दौर से गुजरता है, कोई न कोई ऋषि, मनीषी इस धरती पर अवतरित होकर समाज को नई दिशा देता है।

**देश में राम वन गमन पथ का विकास कर रहे :** एमपी सरकार अभी से ही उज्जैन सिंहस्थ की तैयारी में जुट गई है। हम देश में राम वन गमन पथ का विकास कर रहे हैं। इसका अहम हिस्सा एमपी से होकर गुजरेगा। एमपी पहले से ही अजब और गजब है। इन कार्यों से उसकी पहचान और मजबूत होगी।

**संस्कृति और परंपराओं को संरक्षित करना है :** पीएम मोदी ने कहा- 2047 तक विकसित भारत बनने का लक्ष्य तय किया है। हमें विश्वास है, इसे हासिल करेंगे। विकास की दौड़ में कई देश अपनी संस्कृति से कट गए, अपनी परंपराएं भुला दी। भारत में हमें इन्हें संरक्षित करके रखना है। हमारी संस्कृति हमारे सामर्थ्य को मजबूत करती है।

## अब चीन ने अमेरिका पर 125प्रतिशत टैरिफ लगाया

### जिनपिंग बोले- हम दबाव के आगे नहीं झुकते




**वॉशिंगटन,एजेंसी।** अमेरिका और चीन के बीच टैरिफ वॉर बता जा रहा है। अमेरिका के 145% टैरिफ के जवाब में अब चीन ने 125% टैरिफ लगाया दिया है। ये कल से लागू होगा। चीन ने कहा है कि अब वह अमेरिका की तरफ से लगाए जाने वाले किसी भी अतिरिक्त टैरिफ का जवाब नहीं देगा।

चीन ने कहा कि अमेरिका की तरफ से लगाए गए असामान्य टैरिफ अंतरराष्ट्रीय और आर्थिक व्यापार नियमों का गंभीर रूप से उल्लंघन करते हैं। यह पूरी तरह से एकतरफा दबाव और धमकाने की नीति है। चीन ने ये भी कहा कि अमेरिका भले ही टैरिफ को और ज्यादा बढ़ा दे लेकिन अब इसका कोई मतलब नहीं होगा। आखिर में वह ग्लोबल इकोनॉमी के इतिहास में हंसी का पात्र बन जाएगा।

## अहमदाबाद की रिहायशी बिल्डिंग में भीषण आग जान बचाने के लिए इमारत से कूदे लोग



**अहमदाबाद,एजेंसी।** गुजरात में अहमदाबाद शहर के खोखरा इलाके में एक अपार्टमेंट परिसर में भीषण आग लग गई। वहीं इस घटना की सूचना के मिलते ही अग्निशमन विभाग की सात गाड़ियां मौके पर पहुंची। जानकारी के मुताबिक, अपार्टमेंट की चौथी मंजिल पर आग लगी थी, जहां फंसे फंसे 18 लोगों को बचाया लिया गया है और आग पर भी काबू पा लिया गया है।

**इलेक्ट्रिक कुकर में आग लगी, उठा धुआं का फैला गुबार :** बता दें कि, आग लगने की घटना के दौरा स्थानीय लोगों ने अपार्टमेंट में फंसे लोगों को बचाने की कोशिश की थी। स्थानीय लोगों के अनुसार, चौथी मंजिल पर एक कमरे में इलेक्ट्रिक कुकर में शॉर्ट-सर्किट के बाद आग लगी, जिससे चारों ओर धुआं फैल गया था।

## गंगा किनारे अतिक्रमण पर सुप्रीम चिंता, केंद्र-बिहार से पूछा- अवैध निर्माण हटाने को क्या कदम उठाए

**नई दिल्ली,एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने गंगा किनारे अतिक्रमण को लेकर चिंता जताई है। अदालत ने केंद्र और बिहार सरकार से इस पर जवाब मांगा है। सुप्रीम कोर्ट ने यह पूछते हुए कि गंगा किनारे अवैध निर्माण हटाने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं, स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है। जस्टिस जेबी पारदीवाला और केवी विश्वनाथन की पीठ ने अधिकारियों द्वारा प्रस्तावित तरीके और समय अवधि के अलावा मौजूदा अतिक्रमणों की संख्या भी जानना चाहा। पीठ ने कहा, हम जानना चाहेंगे कि गंगा नदी के किनारे ऐसे सभी अतिक्रमणों को हटाने के लिए अधिकारियों ने क्या कदम उठाए हैं। अदालत ने पटना निवासी अशोक कुमार सिन्हा द्वारा एजजीटी के 30 जून, 2020 के आदेश के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया है। शीर्ष अदालत ने मामले की सुनवाई चार सप्ताह बाद तय की है।

## पीएम ने एयरपोर्ट पर ही मांगी गैंगरेप केस की जानकारी

### कमिश्नर से कहा- दोषी बचने न पाएं; 23 लड़कों ने 7 दिन तक किया था गैंगरेप

**वाराणसी,एजेंसी।** पीएम नरेंद्र मोदी शुक्रवार सुबह 10 बजकर 7 मिनट पर अपने 50वें दौरे पर वाराणसी पहुंचे। एयरपोर्ट पर उतरते ही पीएम ने पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल से छात्रा से गैंगरेप केस को लेकर सवाल-जवाब किए। उन्होंने कमिश्नर से वारदात की पूरी जानकारी ली। कहा- सभी दोषियों पर सख्त एक्शन हो। साथ ही, ऐसी घटना दोबारा न होने पाए। यह घटना 15 दिन पहले की है कमिश्नर ने पीएम मोदी को केस की पूरी स्टेटस रिपोर्ट बताई। उन्होंने कहा कि इस मामले में मुख्य आरोपी समेत 9 लोगों को जेल भेजा जा चुका है। तीन और आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। मुख्य आरोपी का कैफे सील कर दिया गया है। दरअसल, वाराणसी में ग्रेजुएशन की छात्रा से 29 मार्च को 23 लड़कों ने 7 दिन तक गैंगरेप किया था, फिर उसे सड़क पर फेंक कर भाग गए थे। छात्रा बदहवास हालत में घर पहुंची और दो दिन तक बेहोश रही थी। एयरपोर्ट से पीएम हेलिकॉप्टर से मेहंदी गंज पहुंचे। यहां सीएम योगी ने उनका स्वागत किया।



## यूपी-बिहार में बारिश-बिजली का कहर, 83 मौतें

### 10 राज्यों में आंधी-बारिश का अनुमान, कई राज्यों में हीटवेव का अलर्ट

**नई दिल्ली,एजेंसी।** देश में मौसम की दोहरी मार जारी है। एक तरफ तेज गर्मी और दूसरी तरफ आंधी-तूफान और बारिश का कहर है। यूपी-बिहार में 10 अप्रैल को आंधी-तूफान के कारण 83 लोगों की मौत हो गई। इसमें 61 मौतें बिहार में और 22 मौतें यूपी में हुईं। मौसम विभाग के मुताबिक शुक्रवार को भी जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, बिहार, झारखंड, ओडिशा, केरल, तमिलनाडु, असम, मेघालय में 40-50KMPH की रफ्तार से तूफानी हवा चल सकती है। साथ ही बिजली गिरने का भी अलर्ट है। तेज बारिश की भी संभावना रहेगी। उत्तराखंड के चमोली में गुरुवार को बादल फटा था।

देश में भीषण गर्मी भी जारी है। ज्यादातर राज्यों में गुरुवार को दिन का पारा 35डिग्री के पार रहा। राजस्थान के बाड़मेर में सबसे ज्यादा 44.3डिग्री रहा। आज भी दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, महाराष्ट्र, गुजरात, ओडिशा और उत्तर प्रदेश में पारा 35डिग्री पार रहेगा। राजस्थान-गुजरात में 40-43डिग्री तक जा सकता है। दिल्ली में भी पारा 40डिग्री के करीब रहने की संभावना है।

मौसम विभाग के मुताबिक राजस्थान के जैसलमेर-बाड़मेर, गुजरात के सौराष्ट्र-कच्छ, पश्चिमी



UP, हरियाणा, पंजाब, पूरे दिल्ली-NCR में लू चलेगी। एमपी के 30 जिलों में लू का अलर्ट है। दक्षिणी राज्यों में लू का ऑरेंज अलर्ट है।

**गर्मी और लू:** उत्तर-पश्चिम भारत (राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश) में तापमान 40-45 डिग्री तक रहेगा, लू का जोर बना रहेगा। दिल्ली-NCR में 38-40 डिग्री के साथ हल्की लू संभव।बारिश-हिमाचल, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर में हल्की से मध्यम बारिश। पूर्वोत्तर (असम, मेघालय) और दक्षिण (केरल, तमिलनाडु) में भी बारिश की संभावना।

**तूफान:** उत्तर-पश्चिम में 40-50 किमी/घंटा की तेज हवाओं के साथ आंधी-तूफान, खासकर राजस्थान, हरियाणा, और पंजाब में।

**बिजली:** हिमाचल, उत्तराखंड, और पूर्वी भारत (बिहार, झारखंड) में गरज-चमक के साथ बिजली गिरने का अलर्ट।

## राहुल गांधी ने रणथंभौर में की टाइगर सफारी





### एरोहेड और शावकों की अठखेलियां देखीं, कांग्रेस कार्यकर्ता के साथ फोटो खिंचवाई

**सवाई माधोपुर,एजेंसी।** कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी निजी यात्रा पर रणथंभौर में हैं। राहुल गांधी ने गुरुवार सुबह-शाम और शुक्रवार को सुबह लगातार टाइगर सफारी का लुत्फ उठाया। इस दौरान उन्हें लगातार तीनों सफारी में बाघ-बाघिन के दीदार हुए। जोन नंबर 2 में फिमेल टाइगर को शिकार करते देखा।

**तीन सफारी में लगातार टाइगर साइटिंग :** राहुल गांधी ने गुरुवार सुबह जोन नंबर 3 के गूलर वन क्षेत्र में बाघिन सिद्धि के दीदार हुए। यहां शावक को स्वछंद घूमते देखकर राहुल गांधी खासे उत्साहित दिखाई दिए।गुरुवार शाम की पारी में जोन नंबर 2 में फीमेल टाइगर के दीदार किए। इस दौरान उन्होंने बाघिन टी-84 एरोहेड व उसके शावकों की अठखेलियां देखी। राहुल गांधी ने शिवराज एनीकट वन क्षेत्र में बाघिन और उसके शावकों को शिकार का लुत्फ उठाता देखा। जिसे उन्होंने अपने कैमरे में कैद किया। वहीं शुक्रवार सुबह की पारी में राहुल गांधी ने रणथंभौर के जोन नंबर 2 और 3 में सफारी की। जहां उन्होंने जोन नंबर 2 पर रिद्धि व उसके शावक और जोन नंबर 3 में ऐरोहेड व उसके शावकों के दीदार किए।

**कांग्रेस कार्यकर्ता के साथ फोटो खिंचवाई :** आज सुबह की पारी में टाइगर सफारी करने पहुंचे राहुल गांधी ने लोगों के साथ फोटो पर खिंचवाई इस दौरान आज सुबह की पारी में जब राहुल गांधी ने टाइगर पार्क के मैन गेट पर कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष छुट्टन लाल मीणा से मुलाकात की। उन्होंने करीब 2 मिनट बात करके फोटो भी खिंचवाई। छुट्टन लाल मीणा सवाई माधोपुर गणेश धाम पर रणथंभौर के टी-शर्ट, टोपी और हैंडीक्राफ्ट सामान बेचते हैं।

**2 दिन पहले देर रात को पहुंचे रणथंभौर :** जानकारी के अनुसार कांग्रेस नेता राहुल गांधी अहमदाबाद में आयोजित कांग्रेस के राष्ट्रीय अधिवेशन से बुधवार को सीधे अहमदाबाद से फ्लाइट से जयपुर पहुंचे और फिर जयपुर से सड़क मार्ग से सवाई माधोपुर पहुंचे। वे देर रात करीब 10 बजे सड़क मार्ग से रणथंभौर पहुंचे। यहां वह रणथंभौर के शेर बाग़ होटल में ठहरे हुए हैं।

## जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में एक आतंकी मारा गया



**श्रीनगर,एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के घने जंगलों में चल रहे एनकाउंटर में सुरक्षाबलों ने शुक्रवार को एक आतंकी मार गिराया है। 2-3 आतंकियों को अभी सुरक्षाबलों ने घेर रखा है। एनकाउंटर जारी है। अभी तक किसी सुरक्षाकर्मी के घायल होने की खबर नहीं है।

सुरक्षा बलों ने 9 अप्रैल को चत्रू जंगल के इलाके में संदिग्ध गतिविधि देखी थी, जिसके बाद आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच फायरिंग शुरू हुई थी। यहां बड़ी तादाद में सुरक्षा बल तैनात हैं। आसपास के गांवों में भी अलर्ट है। स्थानीय लोगों से भी सतर्क रहने और संदिग्ध गतिविधि की सूचना देने की अपील की गई है। इससे पहले 4 और 5 अप्रैल की दरमियानी रात जम्मू में LoC पर आरएस पुरा सेक्टर पर BSF के जवानों ने एक पाकिस्तानी घुसपैठिए को मार गिराया था। वहीं, 1 अप्रैल को LoC पर सेना के एनकाउंटर में 4-5 पाकिस्तानी घुसपैठियों को मारा गया था। घटना पुंछ में LoC पर कृष्णा घाटी सेक्टर के फॉरवर्ड एरिया में हुई थी।

### वक्फ कानून के खिलाफ हिंसक हुआ मुसलमानों का प्रदर्शन

## बंगाल के मुर्शिदाबाद में 3 की मौत; धुलियानगंगा में 5000 लोगों ने रेल ट्रैक जाम किया

**नई दिल्ली,एजेंसी।** नए वक्फ कानून के विरोध में ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड (AIMPLB) शुक्रवार से देशभर में वक्फ बचाव अभियान शुरू किया। जिसके चलते देशभर में मुसलमान सड़कों पर उतर आए।

पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में प्रदर्शन हिंसक हो गया। प्रदर्शनकारियों ने बसें जलाईं। पथराव किया। रिपोर्ट्स के मुताबिक 3 लोगों की गोली लगने से मौत भी हुई है। हालात काबू में करने के लिए BSF तैनात की गई है। फिलहाल इलाके में सड़क और रेल यातायात, इंटरनेट बंद कर दिया गया है। शमसेरगंज के सुतिर साजुर मोड़ पर NH12 जाम किया गया। पुलिस ने भीड़ को हटाने कई राउंड आंसू गैस के गोले दागे। डायमंड हार्बर के अमतला चौरास्ता में भी प्रदर्शन कर रही मुस्लिम भीड़ ने दिनदहाड़े एक पुलिस वाहन में तोड़फोड़ की। जिसमें 10 पुलिसकर्मी घायल हुए। वेस्टर्न रेलवे ने भी बयान जारी किया है, कि अजीमगंज-न्यू फरक्का सेक्शन में दोपहर 2.46 बजे लगभग 5000 लोगों की भीड़ ने धुलियान गंगा स्टेशन के पास ट्रैक जाम कर दिया।



### मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड का ऐलान- 87 दिन चलेगा प्रदर्शन

ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड (AIMPLB) के वक्फ बचाव अभियान का पहला फेज 07 जुलाई यानी 87 दिन तक चलेगा। इसमें वक्फ कानून के विरोध में 1 करोड़ हस्ताक्षर कराए जाएंगे। जो पीएम मोदी को भेजे जाएंगे। इसके बाद अगले फेज की रणनीति तय की जाएगी।

### मोदी सरकार पर सांप्रदायिक एजेंडा चलाने का आरोप लगाया



IMPLB महासचिव मौलाना फजलुर रहीम मुजद्दिदी ने वीडियो मैसेज जारी किया है। वीडियो में मुजद्दिदी ने सरकार पर सांप्रदायिक एजेंडा चलाने और धर्मनिरपेक्षता को कमजोर करने का आरोप लगाया है। उन्होंने वीडियो में कहा- यह अभियान वक्फ संपत्तियों की रक्षा और विधेयक को निरस्त करने की मांग को लेकर चलाया जा रहा है। AIMPLB का मानना है कि यह विधेयक वक्फ संपत्तियों की प्रकृति और स्वायत्तता को नुकसान पहुंचाएगा, जिसे वे इस्लामी मूल्यों, शरीयत, धार्मिक स्वतंत्रता और भारतीय संविधान के खिलाफ मानते हैं।

बोर्ड के मुताबिक आंदोलन तब तक चलेगा, जब तक विधेयक पूरी तरह निरस्त नहीं हो जाता। इसे वक्फ बचाओ, संविधान बचाओ अभियान का नाम दिया गया है, क्योंकि बोर्ड इसे संवैधानिक अधिकारों से जोड़ता है।

**AIMPLB बोली- शाह बानो मामले जैसा जन आंदोलन बनाया जाएगा :** AIMPLB ने इसे शाह बानो मामले (1985) की तरह व्यापक जन आंदोलन बनाने की बात कही है, जो शहरों से लेकर गांवों तक फैलेगा। AIMPLB की महिला विंग अलग-अलग जगहों पर कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं को जागरूक करेगी। बोर्ड ने समुदाय से संयम बरतने और भावनात्मक प्रतिक्रियाओं से बचने की अपील की गई है।

### टॉप-सीक्रेट मिशन के तहत भारत लाया गया आतंकी तहव्वुर राणा

## सुरक्षाबलों के मोबाइल जमा हुए, फ्लाइट की रियल टाइम मॉनीटरिंग; हाथ भी अधिकारियों ने पकड़े

**नई दिल्ली,एजेंसी।** 2008 मुंबई आतंकी हमले के मास्टरमाइंड 64 साल के तहव्वुर राणा को 10 अप्रैल को स्पेशल विमान से अमेरिका से भारत लाया गया। राणा का प्रत्यर्पण टॉप-सीक्रेट मिशन ऑपरेशन राणा के तहत हुआ।

ऑपरेशन के दौरान जब राणा को अमेरिका से फ्लाइट में भारत लाया जा रहा था, जब NIA का एक अधिकारी पूरे रास्ते उसका हाथ पकड़कर बैठा रहा। ऐसा इसलिए ताकि तहव्वुर राणा खुद को कोई नुकसान न पहुंचा सके।

राणा अभी 18 दिन की NIA कस्टडी में है, जहां उससे पूछताछ की जाएगी। भारत लाए जाने के बाद उसे दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया गया था। जहां NIA ने उसकी कस्टडी मांगी थी। राणा ने मुंबई 26/11 अटैक के मुख्य आरोपी डेविड कोलमैन हेडली की मदद की थी। 26 नवंबर 2008 को मुंबई में आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के 10 आतंकियों ने हमले किए। ये हमले चार दिनों तक चले। इन हमलों में कुल 175 लोग मारे गए, जिनमें 9 हमलावर भी शामिल थे और 300 से अधिक लोग घायल हुए।

**1. फ्लाइट की रियल टाइम मॉनिटरिंग :** प्रत्यर्पण में राष्ट्रीय जांच एजेंसी NIA के सामने एक और बड़ी चुनौती थी, वह थी ऑपरेशन राणा की भनक पाकिस्तान स्थित आतंकवादी गुटों को न लगने देना। इस मिशन के लिए भारतीय-अमेरिकी खुफिया एजेंसियों , एयर ट्रैफिक कंट्रोल यूनिट ने फ्लाइट पर रियल टाइम नजर बनाए रखी, ताकि किसी भी मूवमेंट को आसानी से ट्रैक कर सकें।

**2. पालम एयरबेस पर हुआ मेडिकल :** जांच एजेंसी NIA और खुफिया एजेंसी RAW की एक जॉइंट टीम 9 अप्रैल को राणा को लेकर अमेरिका से रवाना हुई थी। 9 अप्रैल की शाम करीब 6:30 बजे राणा को लेकर अमेरिकी गल्फस्ट्रीम G550 विमान दिल्ली के पालम टेक्निकल एयरपोर्ट पर लैंड हुआ था। जहां उसका मेडिकल चेकअप हुआ, इसके बाद उसे सीधे NIA हेडक्वार्टर ले जाया गया।



**3. सभी सुरक्षाकर्मियों के मोबाइल जमा कराए गए :** दिल्ली में सख्त सुरक्षा प्रोटोकॉल लागू किए गए थे। राणा को लाने से पहले सभी कर्मचारियों के मोबाइल फोन जमा कर लिए गए थे। जिससे कोई भी सूचना बाहर न जा सके। मीडिया से बचने के लिए, राणा को दूसरे गेट से हवाई अड्डे के बाहर लाया गया। उसे जेल वैन में ले जाया गया। बाद में राणा को पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया गया, जहां कैमरों और मोबाइल फोन पर बैन था।

**4. देर रात 2 बजे कोर्ट ने दिया कस्टडी की फैसला :** तहव्वुर राणा की दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने 18 दिन की NIA की कस्टडी में भेज दिया। एजेंसी ने आतंकी हमलों को अंजाम देने में राणा की भूमिका की जांच करने के लिए कोर्ट से 20 दिन की रिमांड मांगी थी। स्पेशल NIA जज चंद्रजीत सिंह ने बंद कमरे में मामले की सुनवाई की और 10 अप्रैल की देर रात 2 बजे फैसला सुनाया।

**NIA ने कहा- मुंबई हमले के पर्दाफाश के लिए पूछताछ जरूरी :** NIA ने पटियाला हाउस कोर्ट में जब तहव्वुर राणा की कस्टडी मांगी तो कहा कि उससे पूछताछ जरूरी है। NIA ने कहा कि मुंबई हमले की साजिश का पर्दाफाश करने के लिए हिरासत में लेकर पूछताछ करनी होगी। आतंकी हमलों को अंजाम देने में राणा की भूमिका की भी जांच करेंगे। मुंबई हमले के दूसरे आरोपी डेविड कोलमैन हेडली ने भारत आने से पहले तहव्वुर राणा के साथ पूरे ऑपरेशन पर चर्चा की थी।

**मुंबई हमले में 166 आम लोग मारे गए थे :** 26 नवंबर 2008 को मुंबई में आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के 10 आतंकियों ने हमले किए। ये हमले चार दिनों तक चले। इन हमलों में कुल 175 लोग मारे गए, जिनमें 9 हमलावर भी शामिल थे और 300 से अधिक लोग घायल हुए थे। तहव्वुर राणा इस हमले में शामिल था। अक्टूबर 2009 में तहव्वुर राणा को अमेरिका के शिकागो से FBI ने गिरफ्तार किया था। उस पर मुंबई के 26/11 और कोपेनहेगन में आतंकी हमले को अंजाम देने के लिए जरूरी सामान मुहैया कराने का आरोप था। मुंबई हमले के मास्टरमाइंड हेडली की गवाही के आधार पर तहव्वुर राणा को 2013 में आतंकी संगठन लश्कर से रिश्ते रखने और डेनिश अखबार पर हमले की साजिश के आरोप में 14 साल जेल की सजा सुनाई गई थी।

## भाजपा का गाँव चलो अभियान शुरू, जनकल्याण योजनाओं की दी जानकारी

**छपरा (सारण)।** सदर प्रखंड के विभिन्न गांवों में भाजपा द्वारा ÷गाँव चलो अभियान÷ की शुरुआत की गई। अभियान के तहत केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं को लेकर जनसम्पर्क किया गया। पूर्व विधायक ज्ञानचंद मांझी के नेतृत्व में जलालपुर पंचायत के जगदीश गांव में बैठक कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपलब्धियों पर चर्चा की गई एवं ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गईं। मौके पर मंडल अध्यक्ष बिपिन सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष मुन्ना साह, वरिष्ठ नेता अरविंद सिंह समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## राधा-कृष्ण प्राण प्रतिष्ठा को निकाली गई कलश यात्रा

**डोरीगंज (सारण)।** लोदीपुर चिरांद स्थित देवी मंदिर प्रांगण में राधा-कृष्ण की प्राण प्रतिष्ठा हेतु भव्य कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। डोरीगंज घाट से पवित्र जल भरकर श्रद्धालु देवी मंदिर लौटे। यात्रा के बाद 24 घंटे का अखंड अष्टयाम शुरू हुआ। 12 अप्रैल को देवी जागरण व भंडारे का आयोजन किया जाएगा। आयोजन आदर्श पूजा समिति के तत्वावधान में संपन्न हो रहा है।

## आवासीय विद्यालय में छात्र की संदिग्ध मौत, स्कूल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप

**गड़खा (सारण)।** महम्मदा गांव स्थित सरस्वती पब्लिक आवासीय विद्यालय में पढ़ने वाले 10 वर्षीय छात्र मनु कुमार की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि गुरुवार रात उसकी तबीयत बिगड़ी और उसे दवा देकर छोड़ दिया गया। शुक्रवार सुबह उसकी मौत हो गई। स्कूल प्रबंधन शव को सदर अस्पताल में छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया है। मृतक चैनपुर गांव निवासी कृष्णा राय का पुत्र था। परिजन व ग्रामीण विद्यालय प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगा रहे हैं। वहीं क्षेत्रीय लोगों में इस घटना को लेकर आक्रोश व्याप्त है।

## इसुआपुर 20 सूत्री के उपाध्याय बने जदयू नेता अनवर हुसैन

**इसुआपुर (सारण)।** राज्य सरकार ने प्रखंड स्तरीय 20 सूत्री कार्यक्रम, कार्यान्वयन समिति का गठन कर इसकी अधिसूचना जारी कर दिया। अधिसूचना के अनुसार इसुआपुर प्रखंड स्तरीय अध्यक्ष, उपाध्यक्ष तथा अन्य सदस्यों के नाम तय किए गए हैं। जदयू प्रखंड अध्यक्ष अनवर हुसैन को उपाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं अन्य सदस्यों में सोनू राज सोनू,शारदानंद प्रसाद, मनोज कुमार गुप्ता, राहुल राम, बद्री नारायण सिंह, मुन्नी देवी, गोलू कुमार सिंह, राजीव रंजन प्रसाद उर्फ शयाम जी ,मनिंद्र गिरी, पूर्ब मुखिया राज किशोर सिंह, मोहम्मद राजू, रीना देवी, त्रिलोकी महतो को सदस्य बनाया गया है। इन लोगों के मनोनय पर लोगों ने बधाई दी है .बधाई देने वालों में सतारूढ़ दल के उपमुख्य सचेतक सह तरैया विधायक जनक सिंह, जिला पार्षद की उपाध्यक्ष प्रियंका सिंह,क्षछविनाथ सिंह, भाजपा नेता धीरज सिंह, नितेश सिंह, तूफानी सिंह धर्मेन्द्र सिंह कुशवाहा, ब्यवसाई अमरनाथ प्रसाद, मुखिया अजमल रहमानी, पूर्व सैनिक महमद वारिश, मेराज अहमद व अन्य ने शुभकामनाएं दी।

## सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया कटेसर बुजुर्ग की शाखा प्रबंधक ममता चौधरी को दी गई भावभीनी विदाई

**छपरा/नगरा (सारण)।** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, कटेसर बुजुर्ग शाखा में कार्यरत शाखा प्रबंधक ममता चौधरी के स्थानांतरण पर विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बैंक के सहकर्मियों एवं स्थानीय उपभोक्ताओं ने उन्हें भावभीनी विदाई दी व उनके कार्यकाल की सराहना की।बैंक कर्मियों ने कहा कि ममता चौधरी एक मिलनसार, कर्तव्यनिष्ठ एवं उत्तरदायी अधिकारी रही हैं। उन्होंने हमेशा यह सुनिश्चित किया कि बैंक के कार्य सहज रूप से संपन्न हों और वरिष्ठ नागरिकों तथा आम उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।समारोह में सुनील कुमार, निकुंज कुमार, सीएसपी संचालक कुंदन शर्मा, तारकेश्वर शर्मा, अविनाश कुमार, जितेंद्र सिंह, लोकेश भारद्वाज सहित कई अन्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने ममता चौधरी के कार्यों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य व सुखमय जीवन की कामना की। इस अवसर पर विदाई स्वरूप पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर उन्हें सम्मानित किया गया।

## प्रशिक्षु आईपीएस ने किया प्रवेश द्वार का उद्घाटन

**मांझी (सारण)।**मांझी प्रखंड के भलुआ बुजुर्ग पंचायत में मुखिया सह पैक्स अध्यक्ष दीपक कुमार मिश्रा के निजी कोष से निर्मित भव्य प्रवेश द्वार का उद्घाटन शुक्रवार को मांझी थानाध्यक्ष सह प्रशिक्षु आईपीएस संकेत कुमार ने फीता काटकर किया।इस अवसर पर श्री कुमार ने कहा कि यह द्वार पंचायत में समृद्धि, सौहार्द और विकास का प्रतीक बनेगा। उद्घाटन समारोह में मुखिया दीपक मिश्रा एवं उनके समर्थकों द्वारा अतिथियों का स्वागत फूल-मालाओं से किया गया।

मुखिया ने बताया कि लगभग सवा तीन लाख रुपए की लागत से बने इस द्वार से पंचायत के चार गांवों के लोगों को एक नया पहचान और प्रेरणा मिलेगी। इससे पहले भी पंचायत में एक अन्य प्रवेश द्वार का निर्माण कराया गया था। जिसका उद्घाटन पूर्व विधायक मनोरंजन सिंह उर्फ धूमल सिंह ने किया था।समारोह में पूर्व मुखिया सुनील मिश्रा, जय प्रकाश मिश्रा, गोविंद पाठक, रितेश ठाकुर, विजय यादव, उमेश सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## आरक्षण वापसी की मांग को लेकर तांती-ततवा समाज की 13 अप्रैल को पटना में होगी महारैली

**छपरा (सारण)।** तांती-ततवा (पान) समाज को आरक्षण वापस देने की मांग को लेकर समाज में जबरदस्त आक्रोश देखने को मिल रहा है। मांझी प्रखंड के सरयूपार गांव में शुक्रवार को ÷हांको रथ हम पान हैं÷ आंदोलन को धार देने के लिए पान समाज के प्रदेश अध्यक्ष (पंचायती राज प्रकोष्ठ) राजेश कुमार प्रसाद ने प्रेस वार्ता कर कहा कि 13 अप्रैल को पटना के गांधी मैदान में समाज की ओर से महारैली आयोजित की जा रही है।उन्होंने बताया कि इस रैली में 13 लाख से अधिक पान समाज के लोग भाग लेंगे और आरक्षण वापसी के लिए सरकार के खिलाफ आवाज बुलंद करेंगे। श्री प्रसाद ने कहा कि पान समाज अब केवल नारेबाजी नहीं बल्कि सत्ता में हिस्सेदारी सुनिश्चित करने और आरक्षण की बहाली के लिए कटिबद्ध है।इस मौके पर रामभगवान प्रसाद, बीर बहादुर प्रसाद, संजय प्रसाद, अशोक प्रसाद, ददन प्रसाद, नागेन्द्र प्रसाद समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। राजेश प्रसाद ने सारण जिले के बीस प्रखंडों समेत पूरे राज्य के लोगों से महारैली में भाग लेने की अपील की।

## जयप्रकाश विश्वविद्यालय में 119 छात्र-छात्राओं को मिला रोजगार, फ्लिपकार्ट व डिक्सन टेक्नोलॉजी ने किया चयन

**छपरा (सारण)।** जयप्रकाश विश्वविद्यालय में आयोजित कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव एक बार फिर सफलता की नई ऊंचाई पर पहुंचा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. परमेंद्र कुमार बाजपेई के नेतृत्व में शुक्रवार को विश्वविद्यालय के सीनेट हॉल में आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में फ्लिपकार्ट व डिक्सन टेक्नोलॉजी लिमिटेड जैसी नामचीन कंपनियों ने हिस्सा लिया। इस प्लेसमेंट में कुल 119 छात्र-छात्राओं का चयन किया गया। जिनमें 89 पुरुष और 30 महिलाएं शामिल हैं। चयनित अभ्यर्थियों को आगामी 18 से 20 अप्रैल के बीच संबंधित कंपनियों में जॉइन करना होगा। उन्हें 18,000 से 29,000 रुपए मासिक इनहैंड सैलरी के अलावा पीएफ, मेडिकल व ट्रांसपोर्ट जैसी सुविधाएं भी प्रदान की जाएंगी।बताया गया है कि यह विश्वविद्यालय का तीसरा सफल कैंपस प्लेसमेंट था। कुलपति प्रो. बाजपेई द्वारा छात्र हित में ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल का गठन किया गया है, जिसकी देखरेख में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इस सेल में डॉ. कृष्ण कुमार, स्निग्धा सिंह और डॉ. शची मिश्रा की सक्रिय भूमिका रही है। इससे पहले ग्लेनमार्क फार्मास्युटिकल व टेक महिंद्रा जैसी कंपनियां भी विश्वविद्यालय में प्लेसमेंट आयोजित कर चुकी हैं। कैंपस में उपस्थित कंपनी अधिकारी राहुल पांडेय ने विश्वविद्यालय प्रशासन की सराहना की और भविष्य में भी सहयोग जारी रखने की बात कही।

इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. नारायण दास, कुलानुशासक डॉ. विश्वामित्र पांडेय, डीन प्रो. अशोक कुमार, संयोजक प्रो. कृष्ण कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# बिहार राज्य सीनियर महिला गोल शॉट बॉल में भाग लेने सारण टीम रवाना

### 12 से 13 अप्रैल तक बिहपुर भागलपुर में है प्रतियोगिता

**छपरा (सारण)।** भागलपुर के बिहपुर में 12 से 13 अप्रैल तक आयोजित बिहार राज्य प्रथम सीनियर महिला गोल शॉट बॉल प्रतियोगिता में भाग लेने 12 सदस्यीय सारण टीम शुक्रवार को मशरक जंक्शन से प्रस्थान की । सारण टीम में शामिल सभी 10 महिला खिलाड़ी पीएम श्री उच्च विद्यालय महुली चकहन, शामकौरिया के है। जिन्हे विद्यालय में प्रधानाध्यापक द्वारिका नाथ गिरि ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जाने से पूर्व खेल किट जर्सी प्रदान किया। टीम के बेहतर प्रदर्शन करने की शुभकामना प्रधानाध्यपक द्वारिकानाथ गिरि सहित सभी शिक्षको के अलावे पानापुर बकवा पंचायत के मुखिया सत्येंद्र तिवारी , रितेश कुमार सिंह , प्रिंस कुमार सहित अन्य ने दी। टीम मैनेजर राजा कुमार सिंह ने बताया कि टीम कोच रजनीश कुमार सिंह है जबकि खिलाड़ियों में लाली कुमारी , गौरी कुमारी , सलोनी, सोनी , लाडली , सौम्या, सोनी कुमारी , छोटी , खुशबू अंसारी एवम खुशबू कुमारी शामिल है। राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में सारण टीम बेहतर प्रदर्शन करेगी।



## नगर पंचायत एकमा बाजार के मतदाता सूची का प्रकाशन 9 मई को, प्रारूप सूची जारी

### नगर पंचायत एकमा बाजार के उप मुख्य पार्षद के उपचुनाव हेतु प्रशासनिक तैयारियां शुरू

**एकमा (सारण)।** नगर पंचायत एकमा बाजार में उप मुख्य पार्षद पद के उप चुनाव हेतु प्रशासनिक तैयारियां शुरू हो गई हैं। आगामी नगर निकाय उप चुनाव 2025 की तैयारी के तहत वार्डवार मतदाता सूची के निर्माण का कार्य जोरों पर है। राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार, पटना के निर्देश व जिला निर्वाचन पदाधिकारी, सारण, छपरा के आदेशानुसार यह प्रक्रिया 18 मार्च से शुरू की गई है, जो 9 मई 2025 को अंतिम मतदाता सूची के प्रकाशन के साथ पूरी होगी।एकमा बीडीओ डॉ अरुण कुमार की ओर से मिली जानकारी के अनुसार 1 जनवरी 2025 की अहर्ता तिथि को आधार मानते हुए प्रारूप मतदाता सूची तैयार की जा रही है। इसके लिए पहले 18 मार्च से 25 मार्च तक बिहार विधान सभा की अंतिम सूची का वार्डवार विखंडन किया गया। इसके बाद 26 मार्च से 1 अप्रैल तक डाटा बेस का निर्माण हुआ और 2 अप्रैल से 8 अप्रैल तक सूची की पीडीएफ तैयार कर उसका मुद्रण कराया गया।प्रारूप मतदाता सूची को 11 अप्रैल यानी शुक्रवार को प्रकाशित कर दिया गया है। अब 24 अप्रैल तक दावे एवं आपत्तियां ली जाएंगी। प्राप्त दावों का निष्पादन 15 अप्रैल से 30 अप्रैल तक किया जाएगा और फिर अंतिम मतदाता सूची की पीडीएफ तैयार कर 8 मई तक उसका मुद्रण होगा।निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, 9 मई 2025 को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा, जिसके आधार पर नगर निकाय चुनाव कराए जाएंगे।आदेश में यह भी उल्लेख है कि केवल उन्हीं लोगों को मतदाता माना जाएगा जिनका नाम संबंधित क्षेत्र की विधान सभा मतदाता सूची में दर्ज है और वे नगर पंचायत क्षेत्र में स्थायी रूप से निवास करते हैं।बहरहाल, नगर पंचायत एकमा बाजार में उप मुख्य पार्षद के चुनाव को लेकर यह कवायद प्रशासनिक स्तर पर प्रारंभ हो चुकी है, जिससे पारदर्शी व त्रुटिरहित चुनाव सुनिश्चित किया जा सके।

## संभावित हीट वेव व सुखाड़ से बचाव को लेकर प्रशासन सतर्क



### मुख्य सचिव ने की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की समीक्षा बैठक

**छपरा (सारण)।** संभावित हीट वेव एवं सुखाड़ के प्रभाव को देखते हुए राज्य के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई।बैठक में निर्देश दिया गया कि सभी जिलों में निर्धारित मानक संचालन प्रक्रिया के अनुरूप पूर्व तैयारी सुनिश्चित की जाए, जिससे किसी भी आपात स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके। सारण जिला में स्वास्थ्य विभाग ने हीटवेव से प्रभावित मरीजों के इलाज हेतु 60 बेड आरक्षित किए हैं। सभी अस्पतालों में ओआरएस व आईवी फ्लूड की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की गई है।

अग्निशमन विभाग ने जिले में कुल 25 फायर ब्रिगेड वाहनों को तैयार स्थिति में रखा है, जिनमें सदर अनुमंडल में 13, मढ़ौरा में 7 और सोनपुर में 5 वाहन शामिल हैं।

वहीं पीएचईडी द्वारा प्रत्येक प्रखंड में चापाकल मरम्मत दल को सक्रिय कर दिया गया है। पशुपालन विभाग ने भी सभी पशु अस्पतालों में 30 प्रकार की आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराई हैं। सार्वजनिक बसों में पीने का पानी और ओआरएस की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश परिवहन विभाग ने बस संचालकों को दिया है। वहीं, नगर निकायों द्वारा शहरी क्षेत्रों में प्याऊ की व्यवस्था की जा रही है।

## मांझी व दाउदपुर थाना में 11 से 25 अप्रैल तक होगा शस्त्रों का सत्यापन, लाइसेंस धारकों के लिए जरूरी निर्देश

**छपरा (सारण)।** आगामी विधानसभा चुनाव को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से मांझी, दाउदपुर व आसपास के थाना क्षेत्रों में 11 से 25 अप्रैल तक शस्त्र सत्यापन अभियान चलाया जा रहा है।

मांझी थानाध्यक्ष सह प्रशिक्षु आईपीएस संकेत कुमार, अपर थानाध्यक्ष अमित कुमार व दाउदपुर थानाध्यक्ष नवलेश ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि इस दौरान सभी लाइसेंसी हथियारों का भौतिक सत्यापन किया जाएगा।शस्त्र धारकों को अपने हथियार, लाइसेंस एवं संबंधित वैध दस्तावेजों के साथ संबंधित थाने में उपस्थित होकर सत्यापन कराना अनिवार्य है। समय सीमा के भीतर सत्यापन न कराने वालों पर विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

## जेवर और चार लाख रूपया लेकर पत्नी फरार, पति ने लगाई गुहार

**मढ़ौरा ।** थाना क्षेत्र के चंनना से दो वर्ष की विवाहिता जेवर और चार लाख रुपया नगद लेकर फरार हो गई । मामले में पीड़ित पति ने स्थानीय थाना में प्राथमिकी दर्ज करा कर गुहार लगाई है। इसरौली निवासी राज कुमार ने दर्ज प्राथमिकी में कहा है कि उसकी शादी दो साल पहले चैनपुर सिसवन सिवान निवासी धनंजय पटेल की पुत्री सिक्की कुमारी उर्फ रजनी कुमारी से हुई थी। शादी के बाद सबकुछ ठिक ठाक चल रहा रहा। इसी बीच दो अप्रैल की सुबह पांच बजे अचानक उसकी पत्नी घर से गायब हो गई। अपने साथ वह जमीन बिक्री से प्राप्त घर में रखा चार लाख रुपया और शादी का जेवर भी अपने साथ ले गई है। उसने अपनी पत्नी का सगा सम्बंधी सहित सभी संभावित जगह पर खोजबीन किया लेकिन कही पता नही चला है। पीड़ित पति ने प्राथमिकी दर्ज करा कर पत्नी की बरामदगी की गुहार लगाई है।

## एकमा बाजार नपं के सभी वार्डों की प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशित, 24 अप्रैल तक दावा-आपत्ति का समय

**एकमा (सारण)।** नगरपालिका उप निर्वाचन 2025 के अंतर्गत नगर पंचायत एकमा बाजार के वार्ड संख्या 01 से 19 तक की प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन कर दिया गया है। निबंधन पदाधिकारी (नगरपालिका) सह अनुमंडल पदाधिकारी, छपरा सदर द्वारा यह सूची आम जनता की जानकारी व आपत्तियों के लिए जारी की गई है।प्रकाशित सूची में नाम जुड़वाने के इच्छुक नागरिक प्रपत्र-2 में दावा दर्ज कर सकते हैं, जबकि सूची में दर्ज त्रुटिपूर्ण या अवैध नामों के खिलाफ प्रपत्र-3 में आपत्ति दर्ज की जा सकती है। दावा एवं आपत्ति दर्ज करने की अंतिम तिथि 24 अप्रैल 2025 निर्धारित की गई है।इस प्रक्रिया के लिए डॉ. अरुण कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी, एकमा को रिवाइजिंग अथॉरिटी नियुक्त किया गया है। नागरिक अपने दावे एवं आपत्तियां सीधे प्रखंड कार्यालय, एकमा में प्रस्तुत कर सकते हैं या डाक द्वारा भेज सकते हैं, ताकि निर्धारित तिथि तक संबंधित कार्यालय को प्राप्त हो सके।प्राप्त दावों एवं आपत्तियों का निष्पादन 30 अप्रैल 2025 तक किया जाएगा। तत्पश्चात संशोधित और अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 09 मई 2025 को किया जाएगा।प्रशासन ने सभी पात्र नागरिकों से अपील की है कि वे निर्धारित समय सीमा के भीतर अपने नाम की जांच कर आवश्यक दावा या आपत्ति दर्ज कराएं, ताकि मतदाता सूची में उनका नाम सुनिश्चित रूप से दर्ज हो सके।



फाइलेरिया उन्मूलन अभियान

# दरौली के पचभेनिया पंचायत अंतर्गत मनियर टुकड़ा गांव में लोगों को खिलाई गई फाइलेरिया से बचाव की दवा

*57 घरों के 169 वंचित योग्य लाभार्थियों को फाइलेरिया रोधी दवाओं का कराया गया सेवन-*

*उत्तर प्रदेश और बिहार के बीच सरयू नदी में टापू जैसे गांव में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना पहली प्राथमिकता - सिविल सर्जन*



**दैनिक खोज खबर/सिवान, 11 मार्च।** बिहार और उत्तर प्रदेश की सीमा पर अवस्थित दरौली प्रखंड के सैकड़ों घर सरयू नदी के बीचों बीच टापू जैसे होने के कारण हर तरह की सुख सुविधाएं उपलब्ध करने में थोड़ी सी परेशानी होती है, लेकिन सरकार की ओर से दी जाने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ दिलाना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी होती है। इस संबंध में सिविल सर्जन डॉ श्रीनिवास प्रसाद ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग और अन्य सहयोगी संस्थाओं के द्वारा हर तरह की बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराई जाती है। फरवरी महीने में फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत योग्य लाभार्थियों को दवा खिलाने के बाद 691 यानि मात्र 0. 02 प्रतिशत को उल्टी, चक्कर या अन्य परेशानियों का सामना करना पड़ा था जबकि दवा सेवन करने से 291 जिलेवासी मतलब 0.01 प्रतिशत ने इनकार किया था। हालांकि स्वास्थ्य विभाग, सहयोगी संस्थाओं में विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ), पीरामल स्वास्थ्य और हसनपुरा में दो पीएसपी सदस्यों के सहयोग 99. 25 प्रतिशत योग्य लाभार्थियों को दवा खिलाई गई है।

जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी (डीवीबीडीसीओ) डॉ ओम प्रकाश लाल ने बताया कि जिला सहित राज्य में फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत विगत 10 फरवरी से 28 फरवरी 2025 तक फाइलेरिया जैसे रोग से बचाव के लिए दवा का सेवन कराया गया था। जिसमें 10, 11 और 13 फरवरी 2025 को बूथ लगाकर 518102 यानि 15.05 प्रतिशत लाभार्थियों को दवा सेवन कराया गया था जबकि 14 से 28 तक गृह भ्रमण कर 2823867 यानि 84.05 प्रतिशत को आशा कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी सेविका और सहायिका सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा फाइलेरिया रोधी दवा खिलाया जा चुका है। लेकिन कुछ ऐसे क्षेत्र जो पहुंच से दूर होने के कारण दवा सेवन से वंचित रह गए थे। लेकिन दरौली प्रखंड के पचभेनिया पंचायत अंतर्गत मनियर टुकड़ा गांव की पहचान सहयोगी संस्थाओं और विभागीय अधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से किया गया था। जहां कैंप का आयोजन कर शत प्रतिशत फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन करा दिया गया है। सबसे अहम बात यह है कि फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के दौरान सिवान जिले में सेंटर फॉर एडवोकेसी एंड रिसर्च (सिफार) के सहयोग से मीडिया ने अहम भूमिका निभाई है।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) दरौली के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ लाल बाबू यादव ने बताया कि बिहार के सिवान जिला और उत्तर प्रदेश के बीच स्थानीय प्रखंड के पचभेनिया पंचायत अंतर्गत मनियर टुकड़ा गांव की पहचान होने के बाद 57 घरों के 169 वंचित योग्य लाभार्थियों को पीरामल स्वास्थ्य के पीओसीडी अमितेश कुमार के नेतृत्व में आशा फेसिलेटर मनोरमा देवी और आशा कार्यकर्ता ज्ञान्ति देवी के द्वारा गृह भ्रमण कर फाइलेरिया उन्मूलन अभियान को शत प्रतिशत सफल बनाने के उद्देश्य से दवा का सेवन कराया गया है। हालांकि दरौली प्रखंड के कुल जनसंख्या - 210046 का 178539 योग्य लाभार्थी में 175787 यानि 98 प्रतिशत लाभुकों को फाइलेरिया उन्मूलन अभियान अंतर्गत समय सीमा के अंदर दवा खिलाई गई थी। लेकिन विगत दिनों उक्त गांव में स्वास्थ्य विभाग और पीरामल स्वास्थ्य के द्वारा संयुक्त रूप से स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित कर वहां के निवासियों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई गई थी। उसी दौरान जानकारी मिली कि कुछ लोग दवा का सेवन नहीं कर पाए हैं। जिसके बाद स्वास्थ्य विभाग और पीरामल स्वास्थ्य के द्वारा कई बार समीक्षात्मक बैठक आयोजित कर वहां के लोगों को प्रेरित और जागरूक किया गया। उसके बाद इतनी बड़ी कामयाबी हासिल हुई है।



## स्नातक प्रथम सेमेस्टर सैकड़ों छात्र-छात्राओं की छुट्टी परीक्षा, किया प्रदर्शन

**परीक्षा से वंचित सभी छात्रों को एक और मौका दे विश्वविद्यालय प्रशासन- राहुल कुमार यादव**

**छपरा।** शुक्रवार 11 अप्रैल को जयप्रकाश विश्वविद्यालय अंतर्गत स्नातक प्रथम सेमेस्टर सत्र-2024-28 के छात्र-छात्राओं की परीक्षा चल रही है. इसी क्रम में आज रामजयपाल महाविद्यालय छपरा परीक्षा केंद्र पर सैकड़ों छात्र-छात्राएं परीक्षा देने से वंचित हो गए. छात्रों की सूचना के बाद मौके पर पहुंचे एआईएसएफ के छात्र नेता राहुल कुमार यादव ने कहा कि स्नातक प्रथम सेमेस्टर सत्र-2024 28 के सैकड़ों छात्र-छात्राओं की परीक्षा छूटने की जानकारी मिली है. रामजयपाल महाविद्यालय परीक्षा केंद्र पर डीबीएसडी डिग्री महाविद्यालय गरखा एवं पीसी साइंस कॉलेज के छात्र-छात्राओं की परीक्षा केंद्र बनाई गई है. इस केंद्र पर सुबह में राजनीति विज्ञान की परीक्षा थी लेकिन दर्जनों विद्यार्थी उहापोह की स्थिति में द्वितीय पाली में परीक्षा देने पहुंचे. जिसके कारण सैकड़ो छात्र-छात्राओं की परीक्षा छूटने की जानकारी मिली है. छात्र नेता राहुल ने कहा कि स्नातक प्रथम सेमेस्टर सत्र-2024- 28 की परीक्षा में सिर्फ रामजपाल परीक्षा केंद्र हीं नहीं तीनों जिलों के लगभग सभी परीक्षा केंद्रों से रोज-रोज सैकड़ों छात्र-छात्राओं की परीक्षा छूटने की जानकारी प्राप्त हो रही है. जयप्रकाश विश्वविद्यालय प्रशासन व परीक्षा विभाग की लापरवाही, बार-बार परीक्षा प्रोग्राम में फेर-बदल व सेमेस्टर सिस्टम लागू होने के बाद सही ढंग से परीक्षा प्रोग्राम तैयार नहीं होने के कारण छात्र-छात्राओं की परीक्षा छूट रही है. दर्जनों परीक्षा केंद्रों से सैकड़ों छात्र-छात्राओं की परीक्षा छूटने की जानकारी प्राप्त हुई है. हम विश्वविद्यालय प्रशासन से मांग करते हैं कि छात्रों की आर्थिक व मानसिक परेशानियों को ध्यान में रखते हुए छात्रहित में स्नातक प्रथम सेमेस्टर सत्र-2024-28 के परीक्षा से वंचित सभी छात्रों के हित में एक नई तिथि जारी कर छूटे हुए सभी छात्र-छात्राओं की परीक्षा ली जाए।

## रमन कुमार को एनडीए की परीक्षा में मिली सफलता

**मांझी/दाउदपुर।** दाउदपुर थाना क्षेत्र के सिसवां गांव निवासी एवम किराना ब्यवसाई राजू सिंह के पुत्र रमण कुमार सिंह ने एनडीए की परीक्षा पास करके सारण जिले का नाम रौशन किया है। पिछले दिनों सम्पन्न एनडीए 154 कोर्स की सितम्बर 2024 में सम्पन्न परीक्षा तथा इलाहाबाद में सम्पन्न एसएसबी 2025 की परिणाम के पश्चात शुक्रवार की शाम मेरिट लिस्ट मिलते ही परिजन खुशी से उछल पड़े और मुहल्ले व सगे सम्बन्धियों के बीच मिठाईयां बाँटकर अपनी खुशी का इजहार करने लगे। रमण की इस सफलता की सूचना के बाद उसके ननिहाल खैरा के ककढीयां में भी जश्न का माहौल है। सफलता की सूचना के बाद उनके घर तथा ननिहाल पहुँचकर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ था। राजू सिंह ने बताया कि उनका ज्येष्ठ पुत्र रमण कुमार सिंह स्कूल वुडबीन प्रीप्रेटरी स्कूल छपरा में प्रारंभिक शिक्षा के बाद लखनऊ के सैनिक स्कूल से एनडीए की तैयारी में जुटा हुआ था। ऑल इंडिया लेबल पर रमण 276 रैंक लाने में सफल रहा। उसकी छोटी बहन शिखा कुमारी नवोदय विद्यालय में 8 वीं में तथा सृष्टि कुमारी क्लास 5 में पढ़ रही है। उनके पिता सुरेश सिंह नन्दलाल सिंह कॉलेज दाउदपुर से सहायक पद से रिटायर हुए हैं जबकि उनके छोटे भाई राजीव कुमार सिंह दाउदपुर में कोचिंग सेंटर संचालित करते हैं। उन्होंने बताया कि जून के अंतिम सप्ताह से पुणे में रमण का तीन वर्षीय ट्रेनिंग शुरू होगी।

## प्रशिक्षु आईपीएस संकेत कुमार के नेतृत्व में मांझी थाना की पुलिस ने शराब बरामद किया

**दैनिक खोज खबर/मांझी।** माँझी के थानाध्यक्ष सह प्रशिक्षु आईपीएस संकेत कुमार के नेतृत्व में मांझी थाना की पुलिस ने गुरुवार को थाना क्षेत्र के रेवल पुल तथा ताजपुर परती से अंग्रेजी शराब तथा देशी शराब बरामद किया है। साथ ही उपयोग में लाई गई दोनों बाइक को भी जप्त कर लिया है। पूछे जाने पर थानाध्यक्ष सह प्रशिछु आईपीएस संकेत कुमार ने बताया कि गुरुवार की दोपहर गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि जई छपरा महम्मदपुर मार्ग पर रेवल पुल के समीप तीन बाइक लगाकर पांच व्यक्ति शराब लेकर कहि जाने वाले है। जिसपर त्वरित कार्रवाई करते हुए थाना में पदस्थापित पदाधिकारी दिनेश कुमार के नेतृत्व में एक टीम गठित कर उक्त स्थल पर छापेमारी की गई। छापेमारी के क्रम में पुलिस को आते देख सभी तस्कर दो बाइक पर सवार होकर भाग गए। जिसके बाद उक्त स्थल पर पड़ी एक स्कूटी बाइक की तलाशी ली गई तो तलाशी के क्रम में सीट के अन्दर से लगभग एक सौ लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया गया। भागे हुए व्यक्तियों के बारे में स्थानीय चौकीदार से पूछताछ में पता चला कि उक्त पाँचो व्यक्तियों में से एक व्यक्ति थाना क्षेत्र के मुबारकपुर गाँव निवासी छोटेलाल यादव का पुत्र प्रदीप यादव बताया गया। साथ ही देर शाम गुप्त सूचना के आधार पर ताजपुर परती से एक अपाची बाइक पर लदी लगभग 80 लीटर देशी शराब बरामद किया गया। जबकि मौके से तस्कर भागने में सफल रहा। जिसकी पहचान थाना क्षेत्र के ताजपुर निवासी नागा सिंह का पुत्र गोलू सिंह के रूप में की गई। जिसके बाद प्रदीप यादव तथा नागा सिंह सहित चार अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। लगातार शराब माफियाओं की जा रही कार्रवाई से शराब माफिया व तस्करों में हड़कम्प मचा हुआ है।

## बीस सूत्री सदस्य बनाये जाने पर महिलाओं ने खुशी जाहिर किया

**मकेर(सारण)।** बिहार सरकार मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग द्वारा एक पत्र प्रेषित किया है जिसमे बीस सूत्री के अध्यक्ष एवम सदस्यों को मनोनीत किया गया है । तारा अमनौर पंचायत से समाजसेवी रविप्रकाश शांडिल्य को सदस्य के रूप में मनोनयन किया गया है ।जैसे ही ग्रामीणों को इसकी जानकारी प्राप्त हुई वैसे ही महिलाओं ने उन्हें अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया है । इस अवसर पर पूर्व वार्ड सदय मंगनी प्रसाद ,काशीनाथ महतो ,मौजी लाल सिंह ,रविंद्र महतो ,विकी कुमार , कुसुम देवी ,सुमन देवी ,फूलवन्ती देवी ,पार्वती देवी , जलवाती देवी ,रुपमनी देवी ,शिवकुमारी देवी फुलेश्वरी देवी मौजूद थी ।मालूम हो कि रवि शांडिल्य समाजिक कार्यो में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेते हैं साथ ही ग्रामीणों की हर छोटी समस्याओं को सुलझाने का प्रयास रत रहते हैं ।एक सवाल के बातचीत के क्रम में उन्होंने कहा कि मैं लोगो की समस्याओं को निराकरण करने में दिलचस्पी रहती है इसके लिए जनप्रतिनिधियों एवम प्रशासनिक अधिकारियों से मिलकर निदान करता हूँ जिससे समाज का प्यार मिलता है।




## कस्तूरबा गांधी की जयंती मनायी गयी

**दैनिक खोज खबर/पानापुर(सारण)।** प्रखंड के बकवा गांव स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में शुक्रवार को कस्तूरबा गांधी की जयंती मनायी गयी . विद्यालय के छात्रों एवं शिक्षकों ने कस्तूरबा गांधी के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया.इस मौके पर विद्यालय प्रांगण में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन विद्यालय के संचालक कांता राम ने किया .सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्राओं ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति से कस्तूरबा गांधी के व्यक्तित्व की झलक पेश की .इस मौके पर परिवर्तनकारी प्रारंभिक शिक्षक संघ के प्रखंड अध्यक्ष जीतेन्द्र सिंह ,रमेश कुमार सिंह ,प्रदीप कुमार सहित विद्यालय की शिक्षिकाएं उपस्थित थी।

## अतिक्रमण को लेकर सीओ ने कराई पोखर की मापी

सिसवन (सिवान) - प्रखंड के चैनपुर बाजार के कशेश्वर नाथ मंदिर के उत्तर स्थित पोखर को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए सीओ पंकज कुमार द्वारा शुक्रवार को मापी कराई गई। सीओ ने बताया कि स्थानीय व्यवसाई मनोज कुमार द्वारा पोखरे के पूर्वी हिस्से में कतिपय लोगों द्वारा अतिक्रमण की शिकायत की गई थी। तब सीओ ने सभी संबंधित लोगों को नोटिस कर शुक्रवार को मापी कराई। मापी को ले कर पूरे दिन बाजार के लोगों में उत्सुकता देखी गई। इस मौके पर सीओ के साथ एएसआइ सूर्या कुमार सहित गणमान्य लोग मौजूद थे।

## मृतकों के परिजन को मिला आपदा राशि का चेक



**दैनिक खोज खबर/पानापुर(सारण)** गुरुवार की दोपहर ठनके की चपेट में आकर मृत महिला एवं किशोर के परिजनों को शुक्रवार को मुख्यमंत्री आपदा राहत कोष से चार चार लाख रुपये की राशि का चेक दिया गया .सीओ अभिजीत कुमार एवं बीडीओ आनंद पांडेय स्वयं मृतकों के घर पहुँचकर उन्हें आपदा राशि का चेक सौंपा .मालूम हो कि गुरुवार की दोपहर ठनके की चपेट में आकर मड़वा बसहिया गांव निवासी सुरेंद्र साह की 46 वर्षीया पत्नी मीरा देवी एवं रामपुररुद्र गांव निवासी इंदल सहनी के 12 वर्षीय पुत्र प्रदुम्न कुमार की मौत हो गयी थी .इस मौके पर तरैया विधायक सह बिहार विधानसभा में सत्तारूढ़ दल के उप मुख्यसचेतक जनक सिंह भी मौजूद थे .उन्होंने कहा कि आपदा की घड़ी में सरकार पीड़ितों के साथ है .

# गुणवता पर है सवाल वर्षा होते ही धंस गई महिने भर पहले बनी फुटपाथ

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** खैरा-मढ़ौरा के बीच निर्माणाधीन मुख्य सड़क के निर्माण में घोर लापरवाही सामने आया है। गुरूवार को बेमौसम थोड़ी सी बरसात क्या हो गई की अभी हाल ही बना फुटपाथ धंसना शूरू हो गया, जबकि बरसात का मौसम आना बाकी है। बता दें कि सड़क निर्माण विभाग सोनपुर से खैरा-मढ़ौरा के बीच 54 करोड़ की लागत से 17.48 किलोमीटर की सड़क का चौड़ीकरण चल है।

इसमें सड़क के साथ सड़क के किनारे फुटपाथ और नाली का निर्माण होना है । काम की गुणवत्ता का पहचान है कि मुख्य बाजार म सड़क के किनारे एक महीने पहले बनी फुटपाथ बारिश की पानी में ही जगह जगह से घंस गई है। यह स्थिति तब है बरसात बेमौसम थी। अभी बरसात का पूरा महिमत आना बाकी है। सड़क के फुटपाथ के निर्माण को लेकर की गई लापरवाही और घटिया निर्माण की कलई खुलने लगी है। जगह जगह से धंस रही फुटपाथ को लेकर लोगों में क्षोभ है तो इसकों लेकर लोग काम की गुणवता पर गंभीर सवाल उठाने लगे है। बन रही सड़क में मानक प्राक्कलन की उपेक्षा की गई है तो सड़क के साथ बनी फुटपाथ? कई स्थानों पर धंस कर गढ्ढे में तब्दील होने लगे? है।

**कही चौड़ी तो कही गायब है फुटपाथ :** योजना में सड़क के दोनों तरफ तीन फीट के फुटपाथ के मानक नियमों की अनदेखी की गई है। कही फुटपाथ बनाए गए है तो कही फुटपाथ ही गायब कर दी गई है । हद तो तब है जब कई स्थानों पर व्यक्तिगत लाभ पहुंचाने के लिए आठ आठ फीट की फुटपाथ बना दी गई है। सुविधा और विभाग के अधिकारी ठेकेदार की मनमानी से बन रही यह सड़क भविष्य में लोगों के लिए कितना उपयोगी साबित होगी यह भी एक गंभीर सवाल है।

**नाला निर्माण में मैनेज का चल रहा खेल :** नाला निर्माण में ठेकेदार की लापरवाही चरम पर है तो अधिकारियों मौन इस संदेह को गहराता है कि योजना योजना सुविधा, पैरवी और मैनेज पर संचालित है। अधिकारी और ठेकेदार की इस गठजोर में सड़क की चौड़ाई की मानकता प्रभावित है। मुख्य बाजार में कई स्थानों पर नाला को पुराने छोटे नाले के ऊपर ही बनाई जा रही है जिससे सड़क का चौड़िकरण बेमतलब बन गया है।

सड़क से सटाकर बिना फुटपाथ बनाए सीधे नाला का निर्माण प्रांकल्लन का उल्लंघन है। इन स्थानों पर फुटपाथ को समाप्त कर दिया गया है जो सड़क सुरक्षा नियमों की अनदेखी है। अतिक्रित सड़क से अतिक्रमण को हटाने का कोई प्रयास नहीं किया गया है। इससे बिना सड़क का बिना चौड़ीकरण किए ही नाला का निर्माण कराया जा रहा है। यह तब है विभाग के इंजीनियर योजना की मॉनिटरिंग भी कर रहे है।आम लोगों का माने तो ठेकेदार को जितना जगह मिला वही से नाला निकाल अपना काम पूरा दिखा रहा है, तो ठेकेदार के इस काम पर अधिकारी भी मौन है।

### नालियों पर ढ़क्कन नही रहने से साफ सफाई में होगी दिक्कत- ईओ

नालिओं को बिहार निर्माण सड़क विभाग - सोनपुर के द्वारा बनवाया जा रहा है। बन रही नालियों में ढ़क्कन का अभाव है इससे नपं को साफ- सफाई में दिक्कत आ सकती है। इस सवाल पर इओ ने कहा कि उनके द्वारा बन रही नाले पर ढ़क्कन देने का आग्रह किया गया है ताकी आगे समस्या आने पर समाधान कराया जा सके। सड़क निर्माण में सड़क से फुटपाथ गायब कर देने और इसको लेकर सड़क सुरक्षा पर पूछेगए सवाल पर अधिकारी विनम्रता से सवाल को टाल गये।-

**बबलू कुमार, ईओ नपं मढ़ौरा ।**



# हनुमत महायज्ञ में पूजा को उमड़ रही भीड़

**दारौंदा (सिवान)** - प्रखंड के चिंतामनपुर स्थित हनुमान मंदिर के द्वितीय वार्षिकोत्सव के अवसर पर आयोजित सात दिवसीय हनुमत महायज्ञ में पूजा अर्चना एवं यज्ञ मंडप की परिक्रमा के लिए श्रद्धालुओं की काफी भीड़ देखी गई। इस दौरान जय श्रीराम, जय हनुमान व हर-हर महादेव के जयघोष एवं वैदिक मंत्रोच्चारण से वातावरण भक्तिमय हो गया। महायज्ञ के पांचवें दिन उत्तर प्रदेश की प्रसिद्ध कथावाचिका साधना महाराज ने अपने प्रभावशाली प्रवचनों से उपस्थित श्रद्धालुओं को रामकथा के विभिन्न प्रसंगों से जोड़ा। उन्होंने लक्ष्मण और भरत के त्याग, प्रेम और समर्पण को विस्तार से समझाते हुए कहा कि आज के समाज को इन दोनों पावन चरित्रों से सीख लेनी चाहिए। साधना महाराज ने कहा कि लक्ष्मण ने वनवास के कठिन समय में श्रीराम और माता सीता की सेवा करते हुए अपने हर सुख को त्याग दिया और हर संकट को सहर्ष स्वीकार किया। वहीं भरत ने 14 वर्षों तक श्रीराम की चरणपादुका को अयोध्या की राजगद्दी पर रखकर शासन चलाया और भाई के प्रति अटूट निष्ठा का परिचय दिया। उन्होंने कहा कि अगर आज के समय में भी भाई-भाई के रिश्ते में भरत और लक्ष्मण जैसा प्रेम और त्याग हो, तो हर परिवार में शांति और सुख की स्थापना हो सकती है। उन्होंने सुंदरकांड के प्रसंगों का उल्लेख करते हुए कहा कि माता अंजनी ने हनुमान जी को संस्कार और सेवा का पाठ पढ़ाया, उन्हेंने हनुमान जी को रघुनाथ जी की सेवा में जीवन समर्पित करने की प्रेरणा दी। उन्होंने यह भी कहा कि माता-पिता का कर्तव्य है कि वे अपने बच्चों को अच्छे संस्कार और धर्म की शिक्षा दें ताकि वे समाज और देश के लिए गौरव बनें। इस आयोजन में राम केवल गिरि, चंद्रमा गिरि, विक्रमा यादव, कमलेश यादव, प्रदीप पंडित, केवल पंडित, ददन गिरि, जयराम गिरि, पप्पू गिरि, हंसनाथ यादव, मनोज गिरि आदि लोगों का विशेष योगदान सराहनीय रहा है। यज्ञाधीश आचार्य आशीषाचार्य ने बताया कि यह सात दिवसीय महायज्ञ 14 अप्रैल तक चलेगा, जिसमें रोजाना भजन, कीर्तन और प्रवचन जैसे कार्यक्रमों का आयोजन होगा। महायज्ञ में क्षेत्रीय समाजसेवियों और श्रद्धालुओं का भी भरपूर सहयोग मिल रहा है।

## कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति में नामित होने पर हर्ष

**मैरवा (सिवान)।** प्रखंड स्तरीय कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति में ओमप्रकाश राम को अध्यक्ष और त्रिपुरारी कुमार को उपाध्यक्ष नामित किया गया है। इसको लेकर मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग से एक अधिसूचना जारी की गई है। समिति में योगेंद्र गुप्ता, बिट्टू कुमार, पप्पू श्रीवास्तव, तारा देवी, बसंत राजभर, सुगंध कुमार बर्णवाल, आनंद प्रताप शाही, ओमप्रकाश जायसवाल, वशिष्ठ पाठक, मुन्नी देवी, अनिल राम, रंजीत कुमार कुशवाहा समेत कई लोगों को सदस्य नामित किया गया। प्रखंड कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति में नामित किए जाने पर कई लोगों ने उन्हें बधाई दी है और सरकार की योजनाओं पर निगरानी रखने की उम्मीद जताई है। बधाई देने वालों में जदयू नगर अध्यक्ष प्रभुनाथ प्रसाद, कृष्ण मोहन कुशवाहा, पप्पू कुशवाहा, सांसद प्रतिनिधि मनोरंजन श्रीवास्तव, युनुस खान, अखिलेश प्रसाद, गुड्डू कुमार यादव, मुमताज अंसारी, मोहन राजभर, मुरली पटेल, अनिल राम, सत्येंद्र कुशवाहा आदि शामिल थे।

## कस्तूरबा गांधी के जन्मदिवस पर विविध कार्यक्रम का आयोजन

**गुठनी (सिवान)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में शुक्रवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पत्नी कस्तूरबा गांधी का जन्म दिवस मनाया गया। इस मौके पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया गया तथा उनके जीवनी पर प्रकाश डाला गया। इस मौके पर कक्षा आठवीं तक पढ़ने वाली 15 छात्राओं को किताब, कापी, बैग, पानी बोतल, छतरी सहित अन्य पठन सामग्री किट देकर विदाई दी गई तथा उनके उज्वल भविष्य की कामना की गई। साथ ही विभिन्न प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्राओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के संचालक सह उत्क्रमित आदर्श उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक दिनेश चौहान ने कही। उन्होंने कहा कि कस्तूरबा का जीवन हर क्षेत्र में अनुकरणीय है। कार्यक्रम के दौरान कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति से अतिथियों व अभिभावक का मन मोह लिया। इस मौके कक्षा छह एवं सात की छात्राओं ने स्वागत गीत व धार्मिक धुन भाव नृत्य प्रस्तुत किया। वार्डन सुमन कुमारी ने सभी अभिभावकों से अपने आसपास के छात्राओं का नामांकन कराने की अपील की।विदा होने वाली छात्राओं में चुलबुली कुमारी, गुड़िया कुमारी, चंदू कुमारी, चांदनी कुमारी, मुस्कान, निरमा, प्रियांशु, निशु, पिंकी, कल्पना, कुसुम, निसु, रागिनी, प्रीति व प्रीति कुमारी शामिल है।

## भाकपा माले की बैठक डा. आंबेडकर के जन्म दिवस मनाने की तैयारी पर चर्चा

**आंदर (सिवान)।** प्रखंड के अर्कपुर में भाकपा माले के प्रखंड कमेटी की विस्तारित बैठक हुई। बैठक में 14 अप्रैल को बाबा साहब डा. भीमराव आंबेडकर का जन्म दिवस मनाने की तैयारी पर चर्चा की गई। इसकी तैयारी को लेते विभिन्न बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में प्रखंड सचिव जुगल किशोर ठाकुर, पूर्व जिला पार्षद शीतल पासवान, मंजिता कौर, प्रेम राम, ललन यादव, चद्रभान ठाकुर आदि उपस्थित थे।

## नाला सफाई नहीं होने पर शहरवासियों में आक्रोश

**महाराजगंज (सिवान)।** महाराजगंज नगर पंचायत में नाला की सफाई नहीं होने से शहरवासियों में आक्रोश है। शहरवासी सत्येंद्र कुमार छोटे, रंजीत कुमार, गोलू कुमार, अशोक चौधरी, मोतीलाल प्रसाद, नेहरू कुमार, सबीर मियां, ननें मियां, संजीत कुमार आदि ने कहा है कि शहर के किसी मोहल्ले में नाला की सफाई नगर पंचायत द्वारा नहीं कराई गई है। इसकी पोल गुरुवार को हुई वर्षा ने खोल दी। नाले का पानी जगह-जगह सड़क पर जमा है, जिससे पैदल चलने में भी कठिनाई हो रही है। मोहल्ले के लोग सफाई के लिए वार्ड पार्षद से लेकर नपं अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, ईओ से कहकर थक गए हैं, लेकिन इस पर किसी का ध्यान नहीं जा रहा है।

सबसे बुरा हाल बोर्ड मिडिल स्कूल के सामने, डा. एसएस कुमार के सामने, पुरानी बाजार, काजी बाजार, बैंक चौक की है जहां वर्षा एवं नाले का पानी जमा है। इस कारण वाहन चालक से लेकर पैदल चलने वाले लोगों को परेशानी हो रही है।

## प्रवेशोत्सव अभियान के तहत बच्चों व अभिभावकों को किया जा रहा जागरूक

**आंदर (सिवान)।** प्रखंड के रकौली स्थित उत्क्रमित मध्य सह उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रशांत कुमार सिंह की देखरेख में लगातार प्रवेशोत्सव अभियान को लेकर डोर टू डोर संपर्क कर अभिभावक व बच्चों को जागरूक किया जा रहा है। प्रवेशोत्सव अभियान के तहत मम्मी-पापा हमें पढ़ाओ स्कूल जाकर नाम लिखाओ, अब ना करो अज्ञानता की भूल हर बच्चे को भेजो स्कूल आदि नारे के साथ लोगों को जागरूक किया गया। प्रधानाध्यापक ने बताया कि स्कूल में बच्चों का नामांकन बढ़ाने के लिए अभिभावकों व बच्चों को जागरूक किया जा रहा है। यह अभियान 15 अप्रैल तक चलेगा। इस मौके पर शिक्षक धर्मवीर सिंह, मनोज सिंह, मो. अबू सालेह, राकेश कुमार, संजीव कुमार, बलबीर सिंह चौहान, पुष्पा कुमारी, प्रति कुमारी, रंजू कुमारी समेत आदि शिक्षक जागरूक करने में लगे हुए हैं।

## बीडीओ व सीओ ने जनता दरबार में की पांच मामले की सुनवाई

**भगवानपुर हाट (सिवान)।** प्रखंड कार्यालय कक्ष में शुक्रवार को बीडीओ कुमार विशाल तथा सीओ धीरज कुमार पांडेय ने संयुक्त रूप से जनता दरबार आयोजित कर पांच मामले की सुनवाई की। इस दौरान सभी भूमि विवाद से संबंधित मामले आए थे। इस अवसर पर पनियाडीह निवासी रामानंद प्रसाद एवं संत लाल महतो ने दाखिल खारिज के मामले को लेकर जनता दरबार में पहुंचे थे। वहीं महम्मदपुर के सलाउद्दीन जमीन कब्जा करने के मामले, रिजवान अहमद तथा अब्दुल कयूम हुसैन भूमि संबंधित मामले को लेकर पहुंचे थे। सीओ ने सभी मामले की सुनवाई के बाद जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया।

## चोरी करने आए तीन चोरों को ग्रामीणों ने पकड़ पुलिस को सौंपा

**दारौंदा (सिवान)।** थाना क्षेत्र के रैनी गांव में गुरुवार की रात ग्रामीणों की सूझबूझ से चोरी की घटना की विफल हो गई। इस दौरान ग्रामीणों ने सक्रियता दिखाते हुए साइकिल व मोटर पंप चुराकर भाग रहे तीन चोरों को पकड़ लिया तथा पुलिस को बुलाकर सौंप दिया। बताया जाता है कि रैनी गांव में कुछ चोरों द्वारा चोरी की भनक लग गई। इस दौरान ग्रामीणों ने सक्रियता का परिचय देते हुए साइकिल व मोटर पंप को चोरी कर भाग रहे तीन चोरों ने दौड़ा कर पकड़ लिया तथा घटना की सूचना थाना को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई जहां ग्रामीणों ने पकड़े गए चोर को पकड़ पुलिस को सौंप दिया। पकड़े गए चोरों की पहचान थाना क्षेत्र के धनौता निवासी रौशन कुमार, अभिषेक कुमार और विशाल कुमार के रूप में हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि ये तीनों पहले भी चोरी की घटनाओं में शामिल रहे थे, ग्रामीणों को इन पर पहले से ही शक था। जब गुरुवार की रात गांव में कुछ आवाजें सुनाई दीं, तो कुछ लोगों ने सतर्क होकर चारों ओर निगरानी शुरू की। तभी उन्होंने तीन युवकों को चोरी करके भागते हुए देखा। ग्रामीणों ने पीछा कर उन्हें धर दबोचा। ग्रामीणों ने बिना किसी डर के चोरों को पकड़ने का साहस दिखाया और पुलिस को सौंप दिया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंचे और तीनों आरोपितों को हिरासत में ले लिया। थानाध्यक्ष छोटन कुमार ने बताया कि पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है।

## कृषि विज्ञान केंद्र में वैज्ञानिक सलाहकार समिति की 13वीं बैठक आयोजित

**भगवानपुर हाट (सिवान)** -प्रखंड मुख्यालय स्थित कृषि विज्ञान केंद्र में शुक्रवार को वैज्ञानिक सलाहकार समिति की 13वीं बैठक आयोजित हुई। बैठक का शुभारंभ डा. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय पूसा के प्रसार शिक्षा निदेशक डा. मयंक राय, निदेशक अनुसंधान डा. आलोक कुमार, कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक सह अध्यक्ष डा. जितेंद्र प्रसाद ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया।इस अवसर पर केंद्रीय कृषि विश्व विद्यालय पूसा के कुलपति पीएस पांडेय ने आनलाइन बैठक में शामिल अधिकारियों, किसानों के साथ तकनीकी कृषि के प्रदर्शन पर चर्चा की। उन्होंने किसानों की समस्या पर भी विशेष फोकस किया। उन्होंने वैज्ञानिकों को अपने कार्य पद्धति पर किसान हित में बल देने, जलवायु के अनुकूल खेती से किसानों को जोड़ने, मोटा अन्न की खेती करने, कृषि के क्षेत्र में यांत्रिकीकरण को बढ़ावा देने तथा महिला सशक्तीकरण पर बल दिया। उन्होंने कहा कि आज बिहार मत्स्य उत्पादन के क्षेत्र में आत्म स्वावलंबी बन गया है। वहीं कुलपति ने बैठक का आनलाइन मानिटरिंग के दौरान गृह विज्ञान की वैज्ञानिक सरिता कुमारी के कार्यों पर असंतोष व्यक्त किया। इसमें कृषि विज्ञान केंद्र की वरिष्ठ वैज्ञानिक सह अध्यक्ष ने आए हुए अतिथियों को अंग वस्त्र, पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। उन्होंने पिछले बैठक में दिए गए सुझावों पर अमल करते हुए किए गए कार्यों का प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए कृषि विज्ञान केंद्र की उपलब्धियों को पटल पर रखा। इस अवसर पर जिला कृषि पदाधिकारी आलोक कुमार, आत्मा के उप निदेशक के के चौधरी, जिला मत्स्य पदाधिकारी अर्पणा सिंह, किसान शिव प्रसाद सहनी, देवंती देवी आदि उपस्थित थे।

### बेटियां घर की लक्ष्मी : प्रियंका शास्त्री

हसनपुरा ( सिवान ) - प्रखंड के पकड़ी पंचायत के महुअल महाल में चल रहे आठ दिवसीय विष्णु महायज्ञ सह रामकथा के पांचवें दिन गुरुवार की शाम कथा वाचिका साध्वी प्रियंका शास्त्री ने बताया कि जिस घर में बेटियां जन्म लेती है उस घर में लक्ष्मी का वास होता है। उन्होंने भगवान श्रीराम की कथा सुनाते हुए कहा कि जब भगवान श्रीराम ने अयोध्या में जन्म लिया तो सूरज, चंद्रमा समेत सारे देवता आए, यहां तक कि श्रीभोले बाबा वेष बदल करके भगवान के दर्शन करने पहुंचे। तत्पश्चात् भगवान ने गुरु कुल में जाकर शिक्षा दीक्षा संस्कार ग्रहण किया। गुरु के बिना इस भवसागर से तारांतरण हमारा नहीं हो सकता। विश्वामित्र यज्ञ की रक्षा के लिए भगवान राम व लक्ष्मण को ले गए। उसके बाद जनकपुर सीता स्वयंवर में राम-लक्ष्मण को ले गए जहां भगवान श्रीराम ने धनुष मंजन किया। उसके बाद सीता स्वयंवर हुआ। राजा जनक ने अपनी चारों बेटियों की शादी राम, भरत, लक्ष्मण एवं शत्रुघ्न से कर विदाई की। विदाई के समय दीदी जी ने बेटियों की महिमा का दर्शन कराया। कहा कि बेटा-बेटी में कभी कोई फर्क नहीं करना चाहिए। बेटी पराया धन होती है, जब भी आप अपनी बेटी की शादी करो सुंदर वर देखो, घर अच्छा हो या ना हो लेकिन वर अच्छा होना चाहिए। जो लोग जल्दबाजी करते हैं तो आज बेटियों के साथ क्या हो रहा है, यह सब जानते हैं, बेटियों को ससुराल में प्रताड़ित किया जाता है। जिस घर में बेटियां होती है वहां लक्ष्मी वास करती है। बेटियां अपना भाग्य स्वयं लेकर आती है। सुनीता विलियम्स आज ब्रह्मांड की सैर कर रही हैं। वह भी तो एक बेटी है, हमारे भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भी तो एक बेटी है, रानी महारानी लक्ष्मीबाई वह भी एक बेटी थी। इस मौके पर यज्ञाचार्य पंडित लक्ष्मी निधि मिश्र, अनूप पांडेय, सोमनाथ शुक्ला, सौरव उपाध्याय, विष्णुकांत व मुकेश, मुख्य यजमान कृष्णदेव मिश्रा,अनूप मिश्रा, विपिन सिंह, राकेश सिंह समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## संदिग्ध परिस्थिति में युवती की मौत, मामले की जांच में जुटी पुलिस

महाराजगंज ( सिवान ) - शहर के पुरानी बाजार वार्ड संख्या तीन की एक युवती की मौत संदिग्ध परिस्थिति में हो गई। गुप्त सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को बरामद कर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।बताया जाता है कि मृतका पिछले वर्ष 20 जुलाई बगल के ही एक युवक के साथ घर से भाग गई थी। उसके बाद उसकी मां ने 21 जुलाई को थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी कराई थी। उसके बाद 22 नवंबर को बच्ची को बरामद कर लिया गया। पुलिस ने 23 नवंबर को 164 का बयान दर्ज कराया जिसमें युवती ने अपने मां-बाप के साथ रहने की इच्छा जताई थी। कार्रवाई के बाद पुलिस ने उस युवती को उसके मां- बाप के हवाले कर दिया। वह मां- बाप के साथ ही रहती थी। शुक्रवार की सुबह संदिग्ध परिस्थिति में उसकी मौत हो गई। स्वजन उसके शव का अंतिम संस्कार के लिए ले जा रहे थे तभी गुप्त सूचना पर पुलिस पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। वहीं घटनास्थल पर आसपास के लोगों की भीड़ उमड़ी रही। युवती की मौत को लेकर ग्रामीणों में तरह-तरह की चर्चा होने लगी। इस संबंध में प्रभारी थानाध्यक्ष अमरेंद्र कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

## टास्क फोर्स की बैठक में मस्तिष्क ज्वर व चमकी बुखार से बचाव पर चर्चा

**हसनपुरा(सिवान)** - प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शुक्रवार को विकास पदाधिकारी आनंद प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में प्रखंड स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक हुई। बैठक में प्रखंड स्तर के सभी अधिकारी व उनके प्रतिनिधि शामिल हुए। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि गर्मी बढ़ने के साथ ही चमकी बुखार व मस्तिष्क ज्वर को लेकर स्वास्थ्य महकमा अलर्ट हो गया है। वहीं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. अभय कुमार ने ÷चमकी को धमकी÷ देते हुए कहा कि स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देश दिया गया कि अपने-अपने पंचायत में हिट वेब व चमकी बुखार को लेकर सतर्क रहें। चमकी बुखार से बचाव हेतु बच्चे को कड़ी धूप में ना निकलने दें, खाली पेट रात को बच्चे को ना सोने दें, बच्चे को रात में सोते समय कुछ मीठा खिलाने तथा चमकी बुखार से संबंधित लक्षण दिखाई देने की स्थिति में 102 नंबर पर एंबुलेंस सेवा या फिर टैग किए गए स्थानीय वाहन से तुरंत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में बच्चे को बिना किसी देरी के ससमय पहुंचाने हेतु जानकारी दी गई।

### मैरवा : भूमि विवाद में हुई रोड़ेबाजी में एक की मौत

**परवेज अख्तर/सीवान।** मैरवा थाना क्षेत्र के सूर्यपुरा में शुक्रवार को भूमि विवाद में हुई मारपीट और पथराव में एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान सूर्यपुरा निवासी भगवान शर्मा के रूप में हुई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल भेज दी है। बताते हैं कि सूर्यपुरा में भूमि विवाद को लेकर पट्टीदारों के बीच मारपीट शुरू हो गई। इसी दौरान रोड़बाजी भी की गई। एक पत्थर भगवान शर्मा के सिर पर आकर लगी जिससे वे लहुलूहान हो गए। अभी स्वजन उनका इलाज कराते कुछ ही देर में उनकी मृत्यु हो गई। घटना के बाद स्वजनों में कोहराम मच गया। इस मामले में मृतक की पत्नी ज्ञांती देवी ने थाना में आवेदन देकर पांच लोगों को नामजद करते हुए प्राथमिकी कराई है। इसमें सुभाष शर्मा, परशुराम शर्मा, सुधीर शर्मा, आदर्श शर्मा, लक्ष्मी कुमारी को आरोपित किया है। प्राथमिकी के मुताबिक छह बीघा जमीन को लेकर आठ महीने से बंटवारे का विवाद तीनों सगे भाइयों में चल रहा था। विवाद में हुई मारपीट में लक्ष्मी देवी ने ईंट से भगवान शर्मा के सिर पर हमला कर दिया और सुभाष शर्मा और परशुराम शर्मा ने लाठी और डंडे से उन पर प्रहार कर दिया। इस मामले में थानाध्यक्ष भारत साह ने बताया कि जमीनी विवाद के लिए तीन सगे भाइयों में ही विवाद हुआ था। इसमें एक की मौत हुई है। सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। वहीं मृतक के पत्नी द्वारा आवेदन दिया गया है। प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

**दुर्घटना में घायल दूसरे युवक की डेढ़ माह बाद इलाज के दौरान मौत, स्वजनों में मचा कोहराम: परवेज अख्तर/सीवान।** हुसैनगंज प्रखंड के हुसैनगंज- गोपालपुर मुख्य मार्ग पर बीआरसी के पास 26 फरवरी की सुबह अनियंत्रित इनोवा कार की चपेट आकर गंभीर रूप से घायल खैरांटी निवासी दिलीप कुमार साह की मृत्यु शुक्रवार को गोरखपुर में इलाज के दौरान हो गई। 11 अप्रैल की दोपहर को दिलीप कुमार साह ( 27 )का शव पहुंचते ही स्वजनों के रोने से माहौल गमगीन हो गया। आसपास के ग्रामीण स्वजनों को ढाढ़स बंधा रहे थे। ज्ञात हो कि इस घटना में राहुल कुमार बैठा ( 24 ) की मृत्यु घटनास्थल पर हो गई थी, जबकि दिलीप कुमार के सिर और पैर में चोट लगी थी। साथ ही साइकिल सवार हुसैनगंज उत्तर मोहल्ला के इंतेजार अंसारी की पुत्री रौशनी परवीन ( 13 ) एवं पुत्र आकिब ( 9 ) भी घायल भी घायल हो गए थे। इस संदर्भ में मृत राहुल कुमार बैठा की मां ललिता देवी ने थाना में आवेदन देते हुए 27 फरवरी को इनोवा कार के चालक के विरुद्ध प्राथमिकी कराई थी है।

## भाजपा ने हकमा में चलाया सदस्यता अभियान

**तरवारा (सिवान)** -जीबी नगर थाना क्षेत्र के हकमा में भाजपा नेता पप्पू भारती के आवास पर शुक्रवार को भाजपा का सदस्यता सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष देवेंद्र सिंह ने की। कार्यक्रम की शुरुआत वंदे राष्ट्र गान से शुरू की गई। इसके बाद दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर बिहार सरकार के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण मंत्री जनक राम ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा आम जनमानस की पार्टी है, इसमें जन आकांक्षाओं को पूर्ण करने की गारंटी है। केंद्र की सरकार देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार सभी क्षेत्र में विकास कर रही है। दलित वंचित एवं शोषण समाज के उत्थान के लिए समर्पित है। भाजपा अनुसूचित जनजाति समाज की बेटी को देश के सर्वोच्च पद महामहिम राष्ट्रपति बनाकर वंचित समाज का मान सम्मान बढ़ाया है। बिहार में भाजपा समर्थित एनडीए सरकार ने दलित समाज के लोगों को त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधि बनाकर समाज के अंतिम व्यक्तियों को भी सम्मानित किया है। देश में पहली बार अनुसूचित समाज की महिलाओं को रोजगार के लिए केंद्रीय बजट में लोन की व्यवस्था की गई है। पश्चिमी जिलाध्यक्ष राहुल तिवारी ने कहा कि बीजेपी देश की एक मात्र पार्टी है जिसमें आंतरिक लोकतंत्र है, इसमें साधारण से साधारण कार्यकर्ता उच्च पद प्राप्त कर सकता है। पार्टी कार्यकर्ता अपनी प्राथमिकता मानकर कार्य करती हैं। एक-एक कार्यकर्ता का उद्देश्य है कि हमारा देश विकसित हो। कार्यक्रम को प्रदेश मंत्री नंद प्रसाद चौहान, विधानसभा संयोजक अनुरंजन मिश्रा, वीर बहादुर सिंह, जिला मंत्री आभा देवी कुशवाहा, युवा मोर्चा अध्यक्ष त्रिलोकी सिंह, पटेल, पूर्व मंडल अध्यक्ष जयप्रकाश गौतम, अंबा लाल शर्मा, अमृतराज ने भी संबोधित किया। इस मौके पर सुरेश सिंह, सत्यम सिंह, उदय कुशवाहा, शशि ओझा, अनीता देवी आदि उपस्थित थे। मंच संचालन पूर्व मंडल अध्यक्ष दीनानाथ पटेल ने किया।

## लोहिया स्वच्छ अभियान के संविदा कर्मी हड़ताल पर, साफ-सफाई प्रभावित

**दारौंदा (सिवान)** -प्रखंड में संविदा पर बहाल लोहिया स्वच्छ अभियान के कर्मियों के हड़ताल पर जाने से साफ-सफाई व्यवस्था प्रभावित हो गई है। संघ के प्रखंड समन्वयक संतोष कुमार ने बताया कि कर्मी अपनी 13 सूत्री मांगों को लेकर हड़ताल पर चले गए हैं। इस कारण स्वच्छ अभियान ठप हो गया है। प्रखंड समन्वयकों द्वारा अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की सूचना भी जिला प्रशासन को दी गई थी। उन्होंने बताया कि आठ अप्रैल से अपनी 13 सूत्री मांगों को लेकर बिहार लोहिया स्वच्छता अभियान संविदा कर्मी संघ का शिष्टमंडल द्वारा ग्रामीण विकास विभाग बिहार सरकार को ज्ञापन भेजा गया था, लेकिन दो बार वार्ता करने व स्पष्ट आश्वासन देने के बाद भी विभाग द्वारा मांगों की पूर्ति की दिशा में कुछ भी नहीं किया गया। इसके बाद प्रदेश संघ की अपील पर अब आठ अप्रैल से अनिश्चितकालीन हड़ताल करने का निर्णय लिया गया था। समन्वयक ने बताया कि उनकी मांगों में अधिकार विहीन प्रखंड समन्वयकों पर किए जाने वाले दंडात्मक कार्रवाई पर रोक लगाने, मानदेय पुनरीक्षण, बगैर शर्त 60 साल तक सेवा काल बहाल करने, पद पर प्रत्यार्पण, दुर्घटना और मृत्यु लाभ, गृह जिला या निकटतम जिला में पदस्थापन, वित्तीय अधिकार, लैपटाप पालिसी का लाभ, सेवा अभिलेख का संधारण, कार्य अवधि के अतिरिक्त कार्य के लिए अतिरिक्त भत्ता, विभागीय कार्य के अलावा अन्य कार्य के प्रतिनियुक्ति पर रोक लगाने आदि शामिल है।

## बलिदानी उमाकांत सिंह का मना बलिदान दिवस

**सिवान।** लकड़ी नबीगंज के गोपालपुरकोठी में जगदीश पांडेय के आवास पर शुक्रवार को बलिदानी उमाकांत सिंह का बलिदान दिवस मनाया गया। इस मौके पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। यह कार्यक्रम बलिदानी के स्मृति पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा युवा मोर्चा के क्षेत्रीय प्रभारी राजीव तिवारी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारत छोड़ो आंदोलन के अमर बलिदानी उमाकांत सिंह ने महज 19 की आयु में पटना सचिवालय पर अंग्रेजों की गोली का सामना करते हुए अपने प्राणों की आहुति दी थी। उन्होंने कहा कि ऐसे महान स्वतंत्रता सेनानी को आजादी के इतने वर्षों बाद भी इस देश और प्रदेश ने कोई स्मारक, प्रतिमा या सम्मान नहीं दिया। उनके बलिदान दिवस 11 अगस्त को न तो कोई जनप्रतिनिधि श्रद्धांजलि अर्पित करने आता है और ना ही कोई प्रशासनिक पहल की जाती है। यह स्थिति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस संकल्प के भी विपरीत है, जिसमें बलिदानियों के सम्मान को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की बात कही गई है। उन्होंने कहा कि जो समाज अपने स्वतंत्रता सेनानियों का सम्मान नहीं कर सकता वह अपनी भावी पीढ़ी देश हेतु बलिदान देने की प्रेरणा नहीं दे सकता।उन्होंने कहा कि भाजपा युवा मोर्चा इस गंभीर उपेक्षा को अब और सहन नहीं करेगा। उन्होंने सरकार से बलिदानी उमाकांत सिंह भव्य प्रतिमा शीघ्र स्थापित करने, उनके नाम पर ग्राम नरेंद्रपुर को ÷शहीद ग्राम÷ घोषित करने, 11 अगस्त को बलिदान दिवस को राजकीय स्तर पर मनाने एवं गांव में टेक्निकल कालेज व स्वास्थ्य केंद्र को सरकारी संरक्षण की मांग की। उन्होंने इस संबंध में ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से राज्य सरकार को सौंपेगा और यदि मांगें नहीं मानी गईं तो आंदोलन का रास्ता भी अपनाया जाएगा। इस मौके पर कई लोग उपस्थित थे।

## नामांकन अभियान को प्रभातफेरी निकाल लोगों को किया जागरूक

**दारौंदा (सिवान)** -प्रखंड क्षेत्र के सरकारी विद्यालयों में इन दिनों प्रवेशोत्सव को लेकर कई तरह के अभियान चलाए जा रहे हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को प्रखंड के शेरही, कोड़ारी कला एवं बगौरा पंचायत के विभिन्न विद्यालयों के पोषण क्षेत्रों में प्रभातफेरी निकाल लोगों को जाग नामांकन के प्रति जागरूक किया। इस इस दौरान शिक्षकों ने घर-घर जाकर नामांकन अभियान के लिए लोगों को जागरूक किया। शिक्षकों ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2025-26 का शुभारंभ हो चुका है। इसलिए विभागीय आदेशानुसार प्रारंभिक विद्यालयों में नया नामांकन को लेकर विद्यालय प्रबंधन आकर्षक कार्यक्रमों को लेकर पोषक क्षेत्रों का भ्रमण कर रहा है। प्रखंड के उच्च माध्यमिक विद्यालय मंछा के शिक्षिका उर्मिला कुमारी, उत्क्रमित मध्य विद्यालय बगौरा संस्कृत के शिक्षक कुणाल कश्यप, माध्यमिक विद्यालय कोड़ारी कला के शिक्षक मिथिलेश कुमार, अवध किशोर प्रसाद के नेतृत्व में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने पोषक क्षेत्र में भ्रमण कर लोगों को छह वर्ष से ऊपर के बच्चों के नामांकन के लिए जागरुकता अभियान चलाया। इस संबंध में उच्च माध्यमिक विद्यालय के पकवलिया के प्रधानाध्यापक मिथिलेश तिवारी, माध्यमिक विद्यालय कौथुआ सारंगपुर की शिक्षिका रितु सिन्हा ने बताया कि आधार कार्ड नहीं रहने के बाद भी औपबंधिक नामांकन फिलहाल कर लिया जाएगा। विद्यालयों में गतिविधि आधारित शिक्षण, खेलकूद, व्यायाम, सांस्कृतिक गतिविधियों के साथ ही बेहतर शैक्षणिक वातावरण में नियमित रूप से रूटीन के अनुसार कक्षा का संचालन किया जा रहा है।

### कस्तूरबा गांधी के जन्म दिवस पर छात्राएं सम्मानित

**सिसवन (सिवान)** -प्रखंड मुख्यालय स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में शुक्रवार को कस्तूरबा गांधी का जन्म दिवस मनाया गया। इस अवसर पर छात्राओं ने प्रभातफेरी निकाल गांव का भ्रमण कर लोगों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया। इस दौरान उत्कृष्ट कार्य के लिए छात्राओं को सम्मानित किया गया। समारोह के पूर्व विद्यालय की प्रभारी वार्डन संगीता कुमारी के नेतृत्व में छात्राओं ने हाथों में विभिन्न तरह के स्लोगन लिखे तख्ती लेकर नारी व बालिका शिक्षा के प्रति लोगों को जागरूक किया। छात्राओं ने विभिन्न तरह की रंगोली, पेंटिंग भी बनाई, जिसे निर्णायक मंडली ने सम्मानित किया।विद्यालय के लेखा सहायक रामू कुमार शर्मा के ने बताया कि आठवीं पास छात्राओं को समारोह आयोजित कर विदाई दी गई। इस दौरान प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी चंद्रभान सिंह ने आठवीं कक्षा के 32 छात्राओं को नौवीं कक्षा का किताब, छाता, पानी बोतल, लांच बाक्स, कापी, कलम देकर सम्मानित किया गया एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर कृष्णा राय, रमावती देवी, बतकी देवी आदि उपस्थित थे।

